समाचार

महापौर ने किया राताखार गेरवाघाट बाईपास रोड का निरीक्षण

(प्रगतिरत क्रॉस ड्रेनेज निर्माण कार्य की धीमी गति पर लगाई फटकार, कार्य में आवश्यक गति लाने के दिए निर्देश)

कोरबा 11 मार्च 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज राताखार से गेरवाघाट पुल तक बनाए गए बाईपास रोड का औचक निरीक्षण किया, वहॉ पर प्रगतिरत क्रॉस ड्रेनेज के निर्माण कार्य की धीमी गति पर अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होने क्रॉस ड्रेनेज निर्माण कार्य स्थल पर आवागमन की सुरक्षा हेतु आवश्यक बेरिकेटिंग कराए जाने तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

यहॉ उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयासों से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रातखार से गेरवाघाट पुल तक बाईपास रोड का निर्माण कराया गया है, उक्त सड़क का निर्माण एवं डामरीकरण का कार्य दो लेयर का पूरा किया जा चुका है, फाइनल सीलकोट बांकी है। रोड में

क्रॉस ड्रेनेज का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त प्रगतिरत कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम के जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, निर्माण कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि श्री पटेरिया आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने क्रॉस ड्रेनेज निर्माण कार्य की कार्य प्रगति को देखा एवं कार्य में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उक्त सड़क के किनारे नहर साईड में सुरक्षा के मद्देनजर बेरिकेटिंग का कार्य भी कराया जाना हैं, महापौर श्री प्रसाद ने उक्त कार्य को भी प्रारंभ कर जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए, क्रॉस ड्रेनेज निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम करने के निर्देश दिए।

सड़क निर्माण से कोरबा–दर्री की दूरी हुई कम– इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयास से राताखार गेरवाघाट बाईपास रोड का यह निर्माण कराया गया है, यह रोड आवागमन की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रोड है, इस रोड के बनने से कोरबा से दर्री जाने के लिए मार्ग की दूरी कम हो गई है, साथ ही सी.एस.ई.बी.चौक से दर्री की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग में आवागमन का दबाव भी कम हो गया है क्योंकि कोरबा से दर्री जाने के लिए अब पृथक–पृथक दिशाओं से दो सड़कों की सुविधा मिल चुकी है।